
MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति



प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 64 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 01 जुलाई 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

## जिला स्तरीय चैंपियन ट्राफी फुटबाल प्रतियोगिता 09 जुलाई से

सिवनी यशोः- जिला फुटबाल संघ सिवनी के द्वारा दिनांक 09 जुलाई से जिला स्तरीय चैंपियन ट्राफी फुटबाल प्रतियोगिता प्रारंभ की जा रही है। इस वर्ष अंडर-17 तथा सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता एक साथ प्रारंभ होगी। सचिव ने बताया की दिनांक 07.06.23 को जारी कियें गये सरकुलर के अनुसार पंजीबद्ध` लब की लीग बैसेस पर प्रतियोगिता खेली जायेंगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अंतिम तिथि 05 जुलाई नियत की गई है। जो भी` लब इसमें भाग लेना चाहते है। खिलाड़ियों का पंजीयन कराने के उपरांत प्रस्तुत सूची के अनुसार न्यूनतम 16 खिलाड़ियों की टीम भाग ले सकेंगी। अंडर-17 में 01 जनवरी 2007 के पश्चात जन्म लेने वाले खिलाड़ी भाग ले सकेगें। अंडर-17 जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ साथ मूल कॉपी प्रस्तुत करना अनिवार्य रहेगा वही सीनियर वर्ग में खिलाड़ियों को आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य रहेगा। इस वर्ष जिले से फुटबाल के निर्णायकों की होने वाली परीक्षा में भी सम्मिलित कराया जायेगा। अन्य जानकारियों के लिए स्टेडियम मैदान पर प्रातः 07 से 09 बजे तक तथा सांय 05 से 07 बजे तक स पर्क किया जा सकता है ।

## नकली नमक का हो रहा है व्यापार

सिवनी यशोः- देश के अनेक स्थानों में टाटा के नकली नमक की बिक्री हो रही है अनेक स्थानों में अब नमक भी नकली मिलने लगा है। बुधवार को एक ब्रांडेड कंपनी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने चार दुकानों से 179 नकली नमक के पैकैज जब्त किए। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। पुलिस के अनुसार कोलकाता के रहने वाले नमक कंपनी के फील्ड ऑफिसर विशाल मंडल ने शिकायत की थी कि उनकी कंपनी से मिलते जुलते नाम से नमक बेचा जा रहा है। पुलिस की मौजूदगी में चार दुकानों में दबिश दी गई। बुधवारी बाजार स्थित आशीष खूबचंदानी, सुनील खूबचंदानी, अमन रावलानी, किशोर जेठानी की दुकान से नमक के 179 पैकिट जब्त किए गए। पूछताछ में व्यापारियों के गोदामों में भी जांच की गई लेकिन नमक नहीं मिला। पुलिस के मुताबिक जालसाजी एवं कॉपी राइट ऐ ट के तहत मामले की जांच की जा रही है। वही कपंनी के अधिकारी ने कहा कि नमक में भी काफी अंतर है जो कि नकली है। जानकारी के अनुसार यह नमक इंदौर के किसी व्यापारी से लिया गया है । वही अनेक स्थानों पर नकली नमक अन्य स्थानों से भी खरीदकर व्यापारी बेच रहे है इस प्रकार के व्यापार में टै स चोरी भी प्रमुख रूप से होने की आशंका है ।

## फुटपाथी व्यापारियों से वसूली रोकने के लिये व्यापारी प्रकोष्ठ नपा को सौंपा ज्ञापन



सिवनी यशोः- जिला भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ द्वारा शुक्रवार को मु य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष से मिलकर बाजारों मैं अस्थायी दुकानदारों से,ठिलिया वाले और बाजार हाठ में साप्ताहिक दुकान लगाने वाले व्यापारियो से प्रदेश के यशस्वी मु यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री द्वारा वसूली न किये जाने के निर्देश दिए जाने के बाद भी की जा रही अवैध वसूली को रोकने संबंधी आवैदन दिया गया एवं तत्काल वसूली रोकने का आग्रह किया गया जिस पर माननीय मु य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष जी द्वारा अति शीघ्र परिषद की बैठक बुलाकर एवं प्रस्ताव पास करवाकर उक्त वसूली को बंद करने का आश्वासन दिया गया।

## जबरन नॉलेज




# रोजगार सहायको का वेतन हुआ दोगुना - मु यमंत्री का माना आभार

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रोजगार सहायको का मानदेय नौ हजार रूपये से 18 हजार रूपये प्रतिमाह करने की घोषणा के साथ ही अन्य सुविधाएँ देने का वादा किया है । रोजगार सहायक महासंघ के जिलाध्यक्ष रूपेश शर्मा ने प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की साहृदयता के लिये एवं भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे द्वारा की गयी मध्यस्थता के लिये संघ की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया है ।

**भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे की पहल के आये सार्थक परिणाम**
**रोजगार सहायको ने प्रयासों के लिये श्री दुबे को दिया धन्यवाद**



रोजगार महासंघ के जिलाध्यक्ष रूपेश शर्मा ने बताया कि महासंघ द्वारा गत 13 मार्च से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिले में अनिश्चित कालीन हड़ताल की जा रही थी जिस पर भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे का ध्यान गया और उन्होंने महासंघ के पदाधिकारियों से चर्चा कर मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को दूरभाष के माध्यम से उनकी मांगों से अवगत कराया एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष वैभव पवार से महासंघ के पदाधिकारियों की भेंट करायी जिस पर मु यमंत्री सहित समस्त पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि उनकी मांगों पर पूर्ण सहानुभूति पूर्वक विचार कर शीघ्र उनकी मांगें पूर्ण की जायेगी ।

उसी क्रम में प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रोजगार सहायक स मेलन आहुत कर रोजगार सहायको की मांगों को मानने के साथ उनके वेतन में दोगुनी वृद्धि की है जो उनकी सहृदयता है मु यमंत्री जी का रोजगार सहायक महासंघ हृदय से आभार व्यक्त करते हुये भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे जी सराहनीय प्रयासों के लिये धन्यवाद ज्ञापित करता है जिनके प्रयासों से पूरे प्रदेश के रोजगार सहायको का भला हुआ है ।

श्री शर्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार ने रोजगार सहायकों को बड़ी खुशखबरी दी है. रोजगार सहायकों के स मेलन के दौरान सीएम शिवराज ने चुनावी साल में उन्हें कई तरह के लाभ देने की अहम घोषणाएं कीं. जिसमें सबसे खास घोषणा, रोजगार सहायकों का मानदेय दोगुना कर 9000 से बढ़ाकर 18000 करने की है. साथ ही सीएम शिवराज ने ऐलान किया कि अब उनकी सेवाएं मनमाने ढंग से समाप्त नहीं की जाएंगी. गौरतलब है कि राज्य की बीजेपी सरकार देखते हुए कर्मचारियों प्रदेश के रोजगार सहायकों का एक बड़ा स मेलन बुधवार को राजधानी भोपाल में आयोजित किया गया. जिसमें प्रदेश भर से 20 हजार से अधिक रोजगार सहायक आये ।




श्री शर्मा ने कहा कि माननीय मु यमंत्री श्री चौहान ने रोजगार सहायको को नरम घास समझ कर निपटा दो की नीति पर भी ठोस घोषणा की है कि गलती कोई करें रोजगार सहायक को निपटा यह नहीं चलेगा । रोजगार सहायकों द्वारा की गई गलतियों से निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित करते हुए उचित निपटारा किया जाना चाहिए. सीएम ने कहा कि उचित प्रक्रियाओं के बिना सेवाएं समाप्त नहीं की जाएंगी. केवल गंभीर अपराध के मामलों में ही सेवाएं समाप्त की जाएंगी. सीएम शिवराज ने कहा कि गलती कोई भी करे रोजगार सहायकों को निपटा दो ऐसा नहीं होगा, बिना वकील ,बिना दलील ,बिना अपील सेवा समाप्त नहीं होगी. पूरी प्रक्रिया का पालन किया जाएगा अगर कोई गंभीर अपराध है तो ही सेवाएं समाप्त होगी । सभी रोजगार सहायकों के लिए अवकाश,मातृत्व अवकाश और स्वैच्छिक अवकाश के प्रावधान की भी घोषणा की. विशेष रूप से, 15 दिनों का पितृत्व अवकाश भी दिया जाएगा। इसके साथ ह पंचायत सचिव की नियुक्तियों में रोजगार सहायको आरक्षण दिये जाने का प्रावधान भी सुनिश्चित किया गया है ।

# दो माह के अंदर मंडी चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी, प्रदेश सरकार ने उच्च न्यायालय में दिया जबाव

सिवनी यशो–प्रदेश सरकार ने मंडी चुनाव की प्रक्रिया दो महीने में प्रारंभ करने की बात उच्च न्यायालय में अपना जबाव प्रस्तुत करते हुये कही है । प्रदेश सरकार को उच्च न्यायालय ने गडारवाड़ा के एक व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत जनहित याचिका पर नोटिस जारी किया था जिसका जबाव 27 जून को प्रदेश सरकार ने हाईकोर्ट को जबाव प्रस्तुत किया है ।

सरकार ने कहा है कि दो सप्ताह में मंडी चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। इसके लिए मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम शुरू कर दिया है। इसके बाद हाईकोर्ट के मु य न्यायमूर्ति रवि विजय कुमार एवं न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 23 अगस्त को तय कर दी।

यहाँ बता दें कि मध्यप्रदेश में 2013 में मंडी चुनाव हुए थे जिसका कार्यकाल वर्ष 2017-18 तक था इस समयावधि के पश्चात प्रदेश सरकार को मंडी चुनाव कराना था मंडी अधिनियम के अनुसार अधिकतम चुनाव एक वर्ष तक टाले जा सकते थे परंतु सरकार द्वारा लगातार मंडी चुनाव टाले जाने से 16 नव बर 2022 में नागरिक उपभोक्ता मंच के मनीष शर्मा, राजेश



शर्मा, गाडरवारा निवासी पवन कौरव, अभिषेक मेहरा, सज्जाद अली, विजय आहूजा की ओर से हाईकोर्ट जबलपुर में एक जनहित याचिका दायर की थी। इसमें मध्यप्रदेश में शीघ्र मंडी चुनाव कराने की मांग की थी। इस पर 21 नवंबर 2022 को सुनवाई के दौरान मध्यप्रदेश सरकार, मंडी बोर्ड, चुनाव आयोग को हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर जबाब मांगा था परंतु सरकार तीन चार सुनवाई के बाद भी जब सरकार जबाव नहीं दे सकी तो कोर्ट ने 12 जून को कड़ा रूख अपनाते हुये 10 हजार रूपये की कास्ट लगाई । जिसके बाद बीते 27 जून को हुई सुनवाई में सरकार ने अपनी ओर से हाईकोर्ट ने जबाब पेश करते हुए जानकारी दी कि मतदाता सूची बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। सरकार दो सप्ताह में मंडी के चुनाव की प्रकिया शुरू कर देगी। सरकार की तरफ से इसके लिए दो सप्ताह का समय भी मांगा गया है। युगलपीठ ने आग्रह को स्वीकार करते हुए सरकार के जबाब को रिकार्ड में लेने के निर्देश जारी किए हैं।

याचिकाकर्ताओं की तरफ से इस पूरे मामले में अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पैरवी करते हुये तथ्यात्मक दलील देते हुये कहा था कि मंडी अधिनियम की धारा-11 में मंडी समितियों के गठन का प्रावधान है। धारा-13 में मंडी समितियों का कार्यकाल पांच वर्ष निर्धारित किया गया है। मंडी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सरकार किसी आपातकालीन या विशेष परिस्थिति में ही कम से कम डेढ़ एवं ज्यादा से ज्यादा साढ़े तीन साल तक ही मंडियों का कार्यकाल बढ़ सकती है। करीब एक कार्यकाल बीत जाने के बाद भी सरकार मध्यप्रदेश में नए मंडी चुनाव नहीं करा पाई जो अवैधानिक है, चुनाव न कराना मतदाताओं के मौलिक अधिकारों का हनन है।

## गड्ढे में डूबने से 2 वर्षीय बच्चे की मौतन्खेलने के दौरान हुआ हादसा

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के आदिवासी बाहुल्य विकास खंड धनौरा के अंतर्गत आने वाले भालपाली ग्राम में एक बच्चा गड्ढे में भरे पानी में डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार भावेश सल्लाम उम्र 2 वर्ष अन्य बच्चों के साथ घर के सामने खेल रहा था। वहीं खेलते खेलते घर के समीप बने एक गड्ढे में जा गिरा।

बताया जाता है कि बरसात के कारण गड्ढे में पानी भरा हुआ था। जहां डूबने से बच्चे की मौत हो गई। वही साथ के बच्चों ने जोर जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया। इनकी आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि बच्चा गड्ढे में डूबा हुआ है। जिसे बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक बच्चे की मौत हो गई थी।

वहीं घटना की जानकारी परिजनों ने धनोरा पुलिस को दी। जानकारी मिलने के बाद धनोरा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जहां मासूम के शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनोरा लाया गया है। जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। वहीं इस घटना से क्षेत्र में गम का माहौल है।

## शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में बूथ लेवल अवेयरनेस प्रोग्राम का किया गया आयोजन

सिवनी यशोः- मु य निर्वाचन अधिकारी मध्य प्रदेश भोपाल एवं कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में बूथ लेवल अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

प्राचार्य महाविद्यालय सिवनी डॉ संध्या श्रीवास्तव एवं नोडल अधिकारी डॉ ज्योत्सना नावकर द्वारा महाविधायलीन छात्र-छात्राओं को निष्पक्ष मतदान करने, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, वोटर आईडी कार्ड बनवाने संबंधित कार्य की जानकारी दी गई। बूथ लेवल अवेयरनेस की संयोजक डॉ लीडिया कुमरे ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने हेतु वर्ष के नव मतदाताओं से अपील करते हुए अपने अपने मत का उपयोग कर एक अच्छा लोकतंत्र बनाने में सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही गई।

# भाजपा के सभी मोर्चे विरोधी के झूठ और भ्रम को दूर करने रहे सक्रिय - आलोक दुबे

### भारतीय जनता पार्टी के संयुक्त मोर्चा स मेलन केवलारी विधानसभा में संपन्न

सिवनी यशोः-भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र और प्रदेश की सरकारे देश के चातुर्दिक विकास के साथ हर वर्ग के कल्याण और सबका साथ सबका विकास की पवित्र मंशा से कार्य कर रही है । आज देश का जहाँ स मान बढ़ा वहीं आर्थिक रूप से देश मजबूत हो रहा है । देश विकास की गौरव गाथा कह रहा है केन्द्र की मोदी सरकार और प्रदेश की शिवराज सरकार ने गरीब कल्याण की योजनाओं के माध्यम से विकास की मु यधारा में जोड़ने के लिये देश के हर वर्ग के उन व्यक्तियों को सहारा दिया है जो विकास की मु यधारा से पिछड़ गये थें और हर वर्ग के बीच भाजपा के सभी मोर्चो की सक्रियता है । भाजपा द्वारा किये गये कार्य और सरकार की कल्याण कारी योजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग के मोर्चो ने व्यापक कार्य किया है आने वाले समय में चुनाव होना है आमजनता के बीच भ्रम ओर झूठ फैलाकर विरोधी हमें कमजोर करने का प्रयास करेंगेइसलिये आवश्यक है कि आप समस्त मोर्चो के पदाधिकारी और कार्यकर्त्ता अपने मोर्चो के माध्यम से जनता के बीच भ्रम उत्पन्न करने वाली ताकतों को जबाव दें । उक्ताशय की बात भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने संयुक्त मोर्चे के पलारी में आयोजित स मेलन में उपस्थित भाजपा के सभी मोर्चो के पदाधिकारियों और कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुये कहीं।




प्रेस को जारी कार्यक्रम से संबंधित समाचार में भाजपा के सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्रीत्व कार्यकाल के 9 वर्ष पूर्ण होने पर 30 मई से 30 जून तक संपन्न कार्यक्रम के तहत जिले की चारों विधानसभाओं में संयुक्त मोर्चा स मेलन आयोजित किये गये इसी के तहत केवलारी विधानसभा के संयुक्त मोर्चा स मेलन का आयोजन पलारी मंडी प्रांगण में गत गरूवार को आयोजित किया था जिसमें भाजपा के जिलाध्यक्ष श्री दुबे सहित अन्य पदाधिकारी एवं वरिष्ठजन केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने मोर्चा के कार्यकर्त्ताओं को संबोधित किया ।

केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्त्ताओं को संगठन से संबंधित विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि 2003 के पूर्व कांग्रेस के शासनकाल में बिजली का संकट देखा है और बिजली कितनी आती थी बिल कितना आता था वह कालाखंड देखा है कांग्रेस ने सड़को के नाम गढ्ढे दिये थे सड़को का पता नहीं था । जनता यह भी जानती है कि कांगेस अपने शासन काल में पीने का पानी भी नहीं दे सकी थी । आम आदमी को कई किलोमीटर दूर से पीने के लिए पानी लाना पड़ता था । श्री पाल ने कहा कि कांग्रेस शासन में व्यापक भ्रष्टाचार और किसानों से भारी ब्याज की वसूली होती है । श्री पाल कहा कि वहीं दूसरी ओर भाजपा विकास और जनकल्याण के नाम पर बड़ा इतिहास रच चुकी है। श्री पाल ने बताया केवलारी विधानसभा क्षेत्र शिक्षा, सिंचाई, सहित अनेक मार्गो का निर्माण सहित अनेक उल्लेखनीय ऐसे कार्य हुये है जिनकी कांग्रेस के समय कल्पना करना मुश्किल थी । श्री पाल ने कहा कि 3 सीएम राइस स्कूल,केवलारी में केंद्रीय विद्यालय भाजपा शासन में प्राप्त हुये है इसके साथ ही करोड़ों की लागत से योजना बनाकर हर घर में साफ पानी पहुंचाने का काम हमारी सरकार ने की है। इसके साथ ही किसानों को खेती के लिए भरपूर पानी मिल सके उसके लिए 204 करोड़ से नहरों की लाइनीकरण योजना स्वीकृत कराई गई है। जिससे केवलारी विधासभा के टेल क्षेत्र के किसानों को समय से भरपूर मानी मिल सके।

इस कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीराम ठाकुर,नवल श्रीवास्तव, प्रदीप राय जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष देवी ठाकुर, सहित केवलारी विधानसभा क्षेत्र के समस्त मंडलों के अध्यक्ष मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे ।

## जिले में 253.0 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई

सिवनी यशोः- भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 1 जून 23 से 30 जून 23 तक 253.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 जून तक विकासखंड सिवनी में 187.2 मि.मी, कुरई में 79.0 मि.मी., बरघाट में 198.0 मि.मी., केवलारी में 244.0 मि.मी., छपारा में 244.0 मि.मी., लखनादौन में 520.1 मि.मी., धनौरा में 220.6 मि.मी., घंसौर में 331.0 मि.मी. वर्षा, इस प्रकार कुल 2023.9 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 30 जून 22 को कुल 1105.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं को तोहफा, मानदेय में वृद्धि, आदेश जारी



भोपाल। मध्य प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए खुशखबरी है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने पिछले दिनों उनके स मेलन में जिस तोहफे का ऐलान किया था, महिला एवं बाल विकास विभाग ने आज उसके आदेश जारी कर दिए हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में 3000/- रुपये और सहायिका एवं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए 750/ रुपये की व्यद्धि की गई है। ये आदेश 1 जुलाई से प्रभावी होगा, यानि अगस्त का जो मानदेय मिलेगा वो बढ़ा हुआ मिलेगा।

**महिला एवं बाल विकास विभाग ने जारी किया आदेश**

महिला एवं बाल विकास विभाग के आदेश में कहा गया है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओंके मानदेय में 1000/- की वार्षिक वृद्धि एवं सहायिकाओं और मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के मानदेय में 500/- रुपये की वार्षिक वृद्धि अगले साल से प्रभावी होगी, इसके अलावा 62 साल की आयु पूर्ण सेवानिवृत होने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को एक मुश्त 1,25,000/- (एक लाख पच्चीस हजार) रुपये मिलेंगे वहीं आंगनबाड़ी सहायिकाओं और मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को रिटायर्मेंट पर 1,00,000/- (एक लाख ) रुपये एक मुश्त मिलेंगे, एक मुश्त राशि का भुगतान 1 जुलाई 2023 के बाद रिटायर होने वालों को मिलेगा।

**11 जून को स मेलन में सीएम शिवराज ने की थी घोषणा**

आपको बता दें कि भोपाल में 11 जून को आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता स मेलन में सीएम शिवराज ने ऐलान किया था कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 13 हजार रुपए किया जाएगा। इसके अलावा लाड़ली बहना योजना की 1 हजार रुपए की राशि उन्हें अलग से मिलेगी। वही मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का मानदेय 6500 रुपए होगा।

# अपनी मातृभाषा में सफलता प्राप्त कर सकते हैं विद्यार्थी - इंदर सिंह परमार

## विद्याभारती ने संघ लोक सेवा आयोग और मप्र लोक सेवा आयोग की परीक्षा में चयनित 27 युवाओं किया अभिनंदन



भोपाल । युवा एवं विद्यार्थी कभी स्वयं को कमजोर न समझें। भाषा सफलता में आड़े नहीं आती। हम जिस भाषा में अच्छे से समझते हैं, वह भाषा निश्चित ही हमें सफलता दिलाती है। अपनी मातृभाषा में भी आप पूर्ण सफलता प्राप्त कर सकते हैं। मातृभाषा में पढ़ाई करना कोई कमजोरी नहीं है। मैं समझता हूं संघ लोक सेवा आयोग और मध्याप्रदेश राज्य लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित एवं हिन्दी माध्य?म से सफल रहे विद्याभारती के पूर्व छात्र इस बात का उदाहरण हैं।

यह बात स्कूल शिक्षा राज्य?मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं राज्यमंत्री सामान्य प्रशासन विभाग श्री इंदर सिंह परमार ने गुरुवार को हर्षवर्धन नगर में सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान में आयोजित अभिनंदन समारोह में मु य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। समारोह का आयोजन विद्याभारती मध्य क्षेत्र द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में संघ लोक सेवा आयोग एवं मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से प्रशासनिक सेवाओं में चयनित हुए मध्य क्षेत्र के 27 युवाओं का स मान किया गया। इनमें सरस्वती शिशु मंदिरों के 24 पूर्व छात्र भैया-बहिन स मिलित थे। वहींय हिन्दी माध्यम से यूपीएसी की परीक्षा में सफल रहे 3 युवाओं भी स मानित हुए।

इस कार्यक्रम के विशेष अतिथि श्री जे एन कंसोटिया अतिरिक्त मु य सचिव वन मध्यप्रदेश शासन एवं श्री रविंद्र कान्हेरे उपाध्यक्ष अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान थे। कार्यक्रम के? विशिष्ट अतिथि श्री मोहनलाल गुप्ता अध्यक्ष सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान थे।

श्री परमार ने कहा कि विद्या भारती का यह आयोजन अन्य लोगों को भी प्रेरणा देगा और आप सभी विद्यालय में सीखे संस्कारों का अपने सेवाकाल में प्रकटीकरण करें। उन्हों ने सफल रहे युवाओं से कहा कि आपकी सफलता के पीछे विद्यालय, आचार्य-दीदी सहित परिवार एवं समाज का भी योगदान है। समाज की संवेदनाओं को सदैव साथ लेकर चलें एवं बिना भेदभाव के समाज के लिए उपयोगी बनें। विचार करना चाहिए कि जनता एवं प्रशासन की समस्याचओं का हम भारतीय दृष्टिकोण से कैसे समाधान कर सकते हैं। भारत की संस्कृति, समाज के अनुरूप स्व यं को तैयार करते हुए कार्य करेंगे तो लोग आप पर गर्व करेंगे।

विशेष अतिथि श्री रविन्द्र कान्हेरे ने कहा कि संघ एवं राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षाएं कठिन हैं। इसमें सफलता आपके परिश्रम का परिणाम है। भाषा ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम है। आज हमारे विद्यार्थी हिन्दी माध्यम में पढ़कर भी विश्व में अपना स्थान प्राप्त कर सकते हैं। भाषा की बाधा अब खत्म हो रही है। प्रशासनिक सेवा का उद्देश्य है कि आप समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजना का लाभ पहुंचा सकें।

विशेष अतिथि श्री जे एन कंसोटिया ने कहा कि यह अच्छी परंपरा है कि विद्याभारती अपने पूर्व छात्रों का स मान करती है। हिन्दी माध्यम कमजोरी नहीं है। हमें गर्व से कहना चाहिए कि हिन्दी हमारी मातृभाषा है। जो ज्ञान मातृभाषा में मिल सकता है वह अन्य भाषाओं में नहीं मिल सकता। प्रशासनिक सेवाओं में जाकर आपको समान रूप से समाज के गरीबों, वंचितों तक लाभ पहुंचाने का दृष्टिकोण रखना चाहिए।

कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए सरस्वती विद्या प्रतिष्ठन के सचिव श्री शिरोमणि दुबे ने कहा कि आपकी सफलता साझी है। इसमें माता-पिता का आशीर्वाद, विद्यालय के आचार्य-दीदी का स्नेह भी स मिलित है, इसलिए विद्यालय से सदैव संबंध बना रहे।

इस अवसर पर विद्या भारती मध्य भारत प्रांत के संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी, उपाध्यक्ष बनवारी लाल से सेना, सचिव शिरोमणि दुबे सहित अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक और पूर्व छात्र उपस्थित थे।

**सफल रहे 27 पूर्व छात्रों का किया स मान**

मंच से अतिथियों के द्वारा संघ लोक सेवा आयोग एवं मप्र लोक सेवा आयोग में चयनित 27 युवाओं का स मान किया गया। इनमें संघ लोकसेवा आयोग की परीक्षा में चयनित 7 युवा थे जिनमें से 3 ने हिन्दी माध्यम से सफलता प्राप्त की है। जिन पूर्व छात्रों का अभिनंदन किया गया उनमें जतिन पाराशर गुना, ऐश्वचर्या मूंदड़ा विदिशा, यशोधरा भिलाला राजगढ़, बलवंत पटेल, रूपाली धनगर टिमरनी, भानु किरार परवाह, प्रशांत उइके, सुजीत कड़वे ग्वारलियर, ललित पाटीदार तलेन, मनीष धनगर शाजापुर, शिवा पाठक-साक्षी पाठक महाकालपुरम, आशुतोष गुप्ता गोटेगांव, शुभम ठाकुर बीनागंज आदि सहित सभी 27 युवा एवं उनके अभिभावक शामिल थे।

**पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए**

स मानित होने वाले पूर्व छात्रों ने भी कार्यक्रम के एक भाग में अपने अनुभव साझा किए। ऐश्व र्या मूंदड़ा ने कहा कि सरस्ववती शिशु मंदि?र की शिक्षा, नैतिक मूल्य , प्रेरणादायी गीत इस सफलता में बहुत काम आए। डिप्टी कले टर के पद पर चयनित पूर्व छात्र प्रशांत उइके ने कहा कि आचार्य-दीदी वास्तकव शिशु की भांति पालन पोषण करते हैं। कठिनाइयों में ये मूल्य , आदर्श और शिक्षा हमारा पथ प्रशस्तम करेगी। आशुतोष गुप्ता ने कहा कि हमें प्रारंभिक स्त्र पर ही अच्छाऔ कंटेंट लिखने का कौशल आ जाता है जो परीक्षा में बहुत सहायक रहा। इसके साथ ही सुजीत कड़वे, मनीष धनगर, यशोधरा भिलाला ने भी अपने अनुभव बांटे।

# टाइगर का शिकार कर सिर ले गए शिकारी, मामले को छिपाने की कोशिश करता रहा विभाग

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से सटा हुए नर्मदापुरम जिले में स्थित सतपुड़ा नेशनल पार्क में एक अजीब मामला सामने आया है। यहां एक बाघ का शिकार हो गया। चिंताजनक तथ्य यह है कि बाघ का शिकार कोर एरिया में हुआ है और शिकारी उसका सिर भी अपने साथ ले गए। सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं,` योंकि कोर एरिया टाइगर के लिए सबसे सुरक्षित क्षेत्र माना जाता है। वन विभाग के कर्मचारियों यहां पर लगातार गश्त करते हैं उसके बाद भी टाइगर का शिकार किया गया है। इस क्षेत्र में टाइगर का शिकार होना प्रबंधन की विफलता को उजागर कर रहा है। चिंताजनक बात यह है कि टाइगर का शिकार हुए ह ते बीत गए, लेकिन अधिकारियों को अब



जाकर उसकी जानकारी लगी। टाइगर का गल चुका शरीर पार्क के डबरादेव नाले के पास मिला है। शरीर के अन्य अंग तो अधिकारियों को मिले, लेकिन उसका सिर नहीं मिला।

**विभाग ने की थी छिपाने की कोशिश**

ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि वन विभाग की पेट्रोलिंग टीम इस क्षेत्र में काफी दिन से सक्रिय नहीं है,` योंकि शव एक ह ते से ज्यादा पुराना हो चुका है और शिकार की जानकारी इतने दिनों बाद मिली। आपको बता दें कि वन विभाग के अधिकारियों ने पहले इसे आपसी लड़ाई में मौत का मामला बताने की कोशिश की, लेकिन बाद में जब टाइगर के फोटो इंटरनेट में वायरल हो गए और इसका पैटर्न शिकार का दिखाई दिया। अधिकारियों ने से शिकार मान लिया। वन विभाग अभी तक शिकारियों तक नहीं पहुंच पाया है। पार्क प्रबंधन का कहना है कि जांच जारी है।

**पहले भी हो चुका है शिकार**

बता दें कि इस कुछ महीने पहले भी एक बाघ के शिकार का मामला सामने आया था। जानकारी के अनुसार, कुछ शिकारियों ने बाघ का शिकार करने के बाद उसकी खाल को ले गए थे। हालांकि बाद में मामले की जांच करते हुए शिकारियों को बैतूल और छिंदवाड़ा से पकड़ा गया था।

# धार्मिक कथा स्थल के मु य द्वार का नाम बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के नाम पर रखना अनुकरणीय पहल

**राजगढ़ के खिलचीपुर में पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की कथा का आयोजन**

भोपाल। राजगढ़ जिले के अंतर्गत आने वाले खिलचीपुर में प्र यात कथावाचक पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की कथा में आयोजकों द्वारा संविधान निर्माता एवं सामाजिक समरसता के प्रेरणास्त्रोत डॉ भीमराव आंबेडकर के नाम पर मु य द्वार बनाया है। कथा के आयोजकों द्वारा यह सराहनीय कदम उठाया गया है` योंकि डॉ आ बेडकर अनुसूचित जाति के बंधुओं एवं समाज के सभी वर्गों के लिए श्रद्धा के केंद्र हैं। उन्होंने जीवन पर्यंत हिंदू समाज को एकजुट रखकर सद्भावना एवं सौहार्द्र बनाए रखने का कार्य किया है।

आयोजकों ने कथा स्थल पर बाबा साहब के नाम पर मु य द्वार बनाने



के साथ ही अनुसूचित जाति एवं जनजाति सहित सभी समाजों के महान संत, महापुरुष एवं स्वतंत्रता सेनानियों के लिए कथास्थल समर्पित करके सामाजिक समरसता का सन्देश दिया है। यहाँ पर संत वाल्मीकि, संत रविदास, संत कबीर दास के चित्र भी परिसर में लगे हैं। नारी शिक्षा के क्षेत्र में काम कर शिक्षा की क्रांति लाने वाले ज्योतिबा फुले-सावित्रीबाई फुले के द्वार भी कथास्थल पर बनाए गए हैं। इसके साथ ही अपना सर्वस्व न्योछावर कर प्राणों का बलिदान देकर देश के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले श्रद्धेय बिरसा मुंडा, श्रद्धेय मामा टंट्या मामा, श्रद्धेय राणा पूंजा भील के चित्र व जीवन परिचय बनाकर इनके श्री चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करने का पुनीत कार्य किया गया है।

**सामाजिक समरसता आपसी प्रेम, भाईचारा, सौहार्द बनाये रखने वाला है यह कदम**

समाज के अंदर लंबे समय से दो प्रकार की शक्तियां काम करती रही हैं। एक सकारात्मक कार्य एवं विचार के माध्यम से समाज को एकजुट बनाए रखने में लगी है। तो वहीं दूसरी शक्ति नकारात्मक कार्य एवं विचारों के माध्यम से अपने निजी स्वार्थों के लिए समाज को तोड़ने का काम लगातार कर रही है।

ऐसे ही कुछ तथाकथित लोगों द्वारा सामाजिक समरसता और सद्भावना के क्षेत्र में उठाए गए इस कदम का अपने निजी स्वार्थों एवं एवं राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए विरोध किया जा रहा है जो कि निश्चित तौर पर निंदनीय है। कथा आयोजकों द्वारा सामाजिक समरसता आपसी प्रेम, भाईचारा, सौहार्द्र एवं एक दूसरे की मदद करने की भावना हो रखने वाले बाबा साहब को प्राथमिकता देकर सकारात्मक दिशा में देश को ले जाने के लिए कार्य किया है। इससे प्रेरित होकर भविष्य में अन्य वर्ग भी इस प्रकार के आयोजनों में बाबा साहब के प्रति स मान स मान देने का कार्य करेंगे।

सामाजिक समरसता हित रक्षक मंच के रामचरण वर्मा, अमृतलाल ब्रजवासी, नरेन्द्र वर्मा, प्रमोदसिंह, पप्पू वर्मा जीरापुर, जगदीश वर्मा, गोविन्द मालवीय, ब्रज चौहान, रामप्रसाद वर्मा, मुकेश भारती, देवीलाल मालवीय, रमेशचन्द्र वर्मा, कमलसिंह कटारिया खेड़ी, रमेशकुमार गुनरिया ने आयोजकों के इस कदम की सराहना की है।

# शातिर लुटेरा नदीम गिर तार, तीन महंगी बाइक बरामद

भोपाल। शाहपुरा थानाप्रभारी अवधेश सिंह भदौरिया ने बताया कि बुधवार को त्रिलंगा शाहपुरा में पुलिस का चेकिंग प्वाइंट लगा हुआ था। इस दौरान पुलिस को एक बाइक सवार तेजी से वाहन लेकर आता नजर आया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो वह बाइक लेकर भागने लगा। बाद में पुलिस ने उसका पीछा कर उसे हिरासत में लिया और थाने लेकर आए। उससे बाइक के कागजात मांगे, लेकिन वह दस्तावेज दिखाने में आनाकानी करने लगा। जब पुलिस ने वाहन चालक से स ती से पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान प्रताप नगर बाणगंगा, टीटीनगर निवासी 30 वर्षीय नदीम अली पिता नबाव अली के रूप में बताई। जब पुलिस ने उसका रिकार्ड चेक किया तो वह थाना श्यामला हिल्स का सूचीबद्ध बदमाश निकला। उसके विरुद्ध थाना कोहेफिजा, हनुमानगंज, बजरिया, टीटी नगर एवं शाहपुरा में लूट, चोरी व मारपीट के कुल करीबन 12 अपराध पंजीबद्ध मिले। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर दो और महंगी बाइे स बरामद कीं।

# मध्य प्रदेश के स्कूलों में पढ़ाया जाएगा सावरकर का पाठ

भोपाल। मध्य प्रदेश के शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत हिंदुत्व विचारक दिवंगत वीडी सावरकर पर पाठ राज्य के स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि आजादी के बाद देश में लंबे समय तक शासन करने वाली कांग्रेस ने सिर्फ एक परिवार के महिमामंडन पर ध्यान केंद्रित किया और कई क्रांतिकारियों की अनदेखी की।



स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने बताया कि एनईपी के तहत भगवान परशुराम, भगत सिंह, राजगुरु, सुभाष चंद्र बोस और वीर सावरकर के जीवन और गीता की शिक्षाओं को भारत की ज्ञान परंपरा के हिस्से के रूप में (पाठ्यक्रम में) शामिल किया जाएगा ताकि लोगों को उनके योगदान के बारे में पता चल सके।

इस कदम की आलोचना करते हुए, मध्य प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के.के. मिश्रा ने इसे साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले उठाया गया एक राजनीतिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार महंगाई और बेरोजगारी जैसी मु य समस्याओं से लोगों का ध्यान भटकाना चाहती है। केके मिश्रा ने यह भी कहा कि 'सावरकर समग्र' का एक पाठ भी शामिल किया जाना चाहिए, जिसमें हिंदुत्व विचारक ने गाय पूजा की नहीं बल्कि गाय पालन की वकालत की थी।

# एयर होस्टेस की नौकरी छोड़ अपनाई स्वरोजगार की राह, आज कई महिलाओं को बना रहीं स्वावलंबी

भोपाल। कहते हैं हीरे की सही परख जौहरी को होती है। बस आवश्यकता है उसे परखने और तलाशने की। जौहरी बनकर ऐसे ही कलाकार रूपी हीरों को तराशने का काम किया है शहर की स्नेहा अग्रवाल ने। रिवेरा टाउन निवासी स्नेहा पहले एक विमानन कंपनी में रू मेंबर थीं। शादी के भोपाल आई और एक निजी कंपनी में एचआर मैनेजर का जाब करने लगीं लेकिन कला के प्रति उनकी रुचि ने एक नहीं बल्कि 12 से अधिक पेशेवर हस्तशिल्प से जुड़े कलाकार तैयार कर दिए हैं। ये उन्हें जरी जरदोजी का प्रशिक्षण और विक्रय के लिए मंच उपलब्ध कराती हैं।

इसी प्रकार फिरोज जहां लगभग 30 वर्षों से जरी का कार्य कर रही हैं। दस वर्षों से गांधी भवन में जरी का प्रशिक्षण निश्शुल्क प्रदान कर रही हैं, जिसमें विशेष रूप से अनाथ बच्चियों को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ रही हैं, ताकि वे खुद का भरण पोषण कर सकें।

स्नेहा बताती हैं कि कोरोना के दौरान जब सब कुछ बंद था और लोगों के घरों में काम करने वाली मेड्स बिना काम के बैठी थीं, तब मेरे मन में विचार आया कि घरों में काम करने वाली इन महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई का काम आता है। ऐसे में अगर इनसे यह काम करवाया जाए जिससे इनमें एक हुनर विकसित होगा और इनकी आय भी बढ़ेगी। मैंने इस दिशा में काम शुरू किया और मेरे घर में काम करने वाली मेड्स से इसकी शुरुआत की। जैसे-जैसे समय बीतता गया मुझे लगा कि इन महिलाओं में हुनर है बस इन्हें मंच देने की आवश्यकता है तो मैंने इस काम को लाकडाउन खुलने के बाद भी जारी रखा। आज मेरे पास 20 से अधिक महिला वर्कर हैं जो हस्तशिल्प और हथकरघा से जुड़ा काम करते हुए अपनी विशेष पहचान बना चुकी हैं।

**मार्केट में मिली विशेष पहचान**

स्नेहा बताती हैं कि जरी-जरदोजी के काम में निपुण हो चुकी इन महिलाओं के द्वारा तैयार उत्पादों को अब हम बाजार में लांच कर चुके हैं। हमने वस्त्र संस्था बनाई और उसके माध्यम से मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न शहरों में लगने वाले मेलों में इनके स्टाल्स लगाने लगे जहां अपने उत्पाद सूट रनिंग मटेरियल, जरदोजी से तैयार ड्रेस, सूट आदि बेचकर इन्होंने अपनी आय का एक स्त्रोत विकसित किया है। अभी तक इन कलाकारों ने दिल्ली, जबलपुर, इंदौर सहित कई शहरों में लगने वाले मेलों में हिस्सा लिया है।

**अपनी सैलरी से दिलाया सिलाई मटेरियल**

स्नेहा ने बताया कि जरी-जरदोजी का काम नियमित रूप से करने के लिए सभी लोगों को सिलाई मशीन और सिलाई से जुड़े मटरेयिल का आवश्यकता थी। ऐसे में लगभग चार महीने से अधिक समय तक मैंने इन्हें सिलाई से जुड़ा रा मटेरियल अपनी सैलरी के पैसे से उपलब्ध करवाया। इस काम में मेरे पिता और पति ने मुझे बहुत सहयोग किया।

**आठ साल तक केबिन रू का किया काम**

स्नेहा बताती हैं कि मैं मूलरूप से हरियाणा की रहने वाली हूं। शादी के पहले मैंने आठ साल तक एक निजी एयरलाइंस में केबिन रू का काम किया। शादी के बाद भोपाल आई जहां आकर मैंने जरी-जरदोजी की इस कला को बारीकी से देखा और खुद सीखने के बाद लोगों को जोड़ने का प्रयास कर रही हूं।

# अगड़ा-पिछड़ा का झगड़ा मिटाओ, सब हिन्दू एक हो जाओ

## सामाजिक सद्भाव से मजबूत बनेगा हिन्दू समाज- पं. पूज्य धीरेंद्र शास्त्री जी






ब्यावरा। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. पूज्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने खिलचीपुर के उदय पैलेस में 73 समाजों के प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों की बैठक ली। उन्होंने इस बैठक के माध्यम से हिन्दू समाज की सभी जातियों को एक सूत्र में पिरोने का अनुपम प्रयास किया और सभी समाज प्रमुखों से आह्वान किया कि हम किसी भी जाति के प्रतिनिधि हो सकते हैं लेकिन सभी हिन्दू समाज को सद्भाव के साथ एकजुट करने की जि मेदारी हमारी है। यह बैठक हिन्दू समाज की एकता के लिए इतिहास बनेगी। विदेशी ताकतों, रुपयों के माध्यम से समाज में जातीय द्वेष फैलाया गया है। इसको दूर करने के लिए आप सब हमारी प्रार्थना मानकर एक हो जाओ, नहीं माने तो मिट जाओगे। उन्होंने कहा कि अगड़े पिछड़े के भाव मिटा दो। पहले जातिवाद नहीं था। महर्षि वाल्मीकि, संत नामदेव, संत रविदास इन्होंने समाज को एक किया समाज को जगाया। आज भी नई क्रांति लेकर जाना एकता के लिए समय दान देकर हिंदुओ को एक करना है।

**समाज में फैला रहे प्रायोजित जहर**

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि षड्यंत्रकारी प्रायोजित ढंग से अगड़ेङ्कपिछड़े का जहर फैला रहे हैं। लव जिहाद, रामचरित मानस को जलाना, ये सब षड्यंत्र है। हमारे ही भाई षड्यंत्र के शिकार होकर भगवान को बाहर निकाल रहे हैं। बाहरी लोग हमारी बहनङ्कबेटियों को फंसा रहे हैं। पिछड़े समाज को मंचों पर खड़ा करेंगे। जातीय कट्टरता समाज के लिए घातक है। सबको मंदिर में दर्शन करने का अधिकार मिलना है। कुप्रथा को समाप्त करना है। कोई समाज का व्यक्ति गलती करता है तो उसको पूरे समाज से न जोड़ा जाए। हमारी लड़ाई के मजे दूसरे लेते हैं। इस समय में सद्भाव मंच के साथ बैठक करें, दोनों पक्ष बैठें। आज से हम भी नई यात्रा शुरू करेंगे। हर जिले में समाजों की बैठक करेंगे।

इस बैठक में सभी जातियों के प्रमुख लोगों एवं समाज के प्रतिनिधियों को पं शास्त्री ने अपना पावन उद्बोधन भी दिया। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत, विभाग, जिला एवं सामाजिक सद्भावना मंच के कई पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस अवसर पर अनिल वाल्मीकि, रामबाबू खरे, जाटव ,अमृत जी बृजवासी,धर्मेंद्र नारोलिया, बालकृष्ण गुप्ता, पवन विजयवर्गीय, राजेंद्र जोशी, गोकुल वर्मा, जया जयसवाल, नम्रता विजयवर्गीय, राजेश्वरी शर्मा, मोना सुस्तानी, हजारी लाल दागी, उदय सिह चौहान नारायण सिंह पवार सहित विभिन्न समाजों के प्रमुखों के साथ ही संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं सह प्रांत संपर्क प्रमुख सुरेंद्र मिश्रा, सह प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया, विभाग संघचालक लक्ष्मीनारायण चौहान और विभाग कार्यवाह धर्मेंद्र शर्मा उपस्थित रहे।

**समाज प्रमुखों ने की प्रथम आरती**

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर ने जहां सभी समाज प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों को एक साथ संबोधित किया, वहीं इस आयोजन के माध्यम से हिन्दू समाज की सभी जातियों के बीच परस्पर सद्भाव बनाये रखने पर भी जोर दिया। आयोजन समिति ने बुधवार के दिन कथा की पहली आरती सभी समाज प्रमुखों से कराई। कथा की पावन आरती कर सभी जाति प्रमुखों ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर का आभार व्यक्त किया एवं उनके बताए हुए मार्ग पर हिन्दू समाज को ले जाने का संकल्प लिया।

**जिले भर के प्रतिनिधि हुए शामिल**

बैठक का आयोजन कथा पांडाल के समीप ही उदय पैलेस में किया गया। जहां जिले भर के सैकड़ों प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में शामिल होने के लिए 73 जातियों के राष्ट्रीय, प्रांतीय एवं जिला पदाधिकारी तय समय पर शामिल हुए।

## जिले की औसत वर्षा की जानकारी

मंडला। जिले में इस वर्ष 1 जून से 29 जून के दौरान 272.6 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि इसी अवधि तक गत वर्ष 101.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष 170.8 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 जून को मंडला में 61.8 मि.मी., नैनपुर में 20 मि.मी., बिछिया में 16.8 मि.मी., निवास में 80 मि.मी., घुघरी में 30.6 मि.मी. एवं नारायणगंज में

# आदिवासी समुदाय के लोगों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता

सिवनी यशो:- उप संचालक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी ने जानकारी देते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस 2023 के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर मु य कार्यक्रम कार्बेट टाइगर रिजर्व उत्तराखंड में होना है। राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण भारत सरकार के निर्देशानुसार समस्त टाइगर रिजर्व स्तर पर जुलाई 2023 के प्रथम सप्ताह में स्थानीय आदिवासी समुदाय के लोगों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाली चित्रकला (पेंटिंग) का प्रदर्शन कार्बेट टाइगर रिजर्व, उत्तराखंड में होने वाले कार्यक्रम के दौरान किया जावेगा।

इसी तारत य में पेंच टाइगर रिजर्व, के अंतर्गत सिवनी एवं छिन्दवाड़ा जिले के आदिवासी समुदाय के लोगों के लिये चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में आदिवासी समुदाय के सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित होगी। प्रथम चरण में इच्छुक कलाकार 05/07/2023 तक कार्यालय क्षेत्र संचालक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी अथवा कार्यालय सहायक वन संरक्षक छिन्दवाड़ा क्षेत्र छिन्दवाड़ा में साईज 18 इंच बाई 24 इंच या 15 इंच बाई 27 इंच या समकक्ष आकार की ड्राइंग शीट पर वॉटर कलर या पोस्टर कलर पेंटिंग जो कि आदिवासी जीवन शैली में हो या आदिवासी कला, संस्कृति को दर्शाती हो तैयार कर जमा कर सकते हैं। पेंटिंग स्वयं के द्वारा तैयार की जानी आवश्यक है एवं सभी प्रतिभागी इस बाबत् प्रमाण-पत्र भी चित्रकला के साथ संलग्न करेंगे तभी चित्रकला को प्रतियोगिता में स मिलित किया जावेगा। जमा की गई चित्रकला में से 25 सर्वश्रेष्ठ चित्रकारों को सदर कार्यालय सिवनी आमंत्रित किया जाकर द्वितीय चरण में समक्ष रहकर चित्रकला चित्रित करनी होगी। द्वितीय चरण में स मलित प्रतिभागियों में से विजेताओं का अंतिम रूप से चयन किया जायेगा पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी द्वारा पृथक से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने विजेताओं को क्रमशः राशि 5001, 2501, 1501 तथा अन्य 10 श्रेष्ठ चयनित चित्रकला को 1001/- रूपये प्रति विजेता सहित सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र से पुरूस्कृत किया जायेगा। द्वितीय चरण में स मिलित होने वाले प्रतिभागियों को अपने निवास स्थान से प्रतियोगिता स्थल कार्यालय क्षेत्र संचालक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी आने-जाने का बस/स्टेशन से यात्रा किराया का भुगतान कार्यालय द्वारा किया जायेगा जिस हेतु यात्रा टिकिट प्रस्तुत करनी होगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये श्रीमती रफीका बी खान मोबाईल नंबर 9424794145 पर संपर्क किया जा सकता है।

## जन-प्रतिनिधि अपने कर्त्तव्यों एवं जन-कल्याण के प्रति संकल्पित हों -मु यमंत्री

**मु यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय संसदीय दिवस की शुभकामनाएँ दी**

भोपाल। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने समस्त जन-प्रतिनिधियों को अंतर्राष्ट्रीय संसदीय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। मु यमंत्री ने ट्वीट किया है कि ÷यह अवसर जन-प्रतिनिधियों को उनके जनसरोकारों के प्रति संकल्पबद्ध करता है तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था के केंद्र में विधायी निकायों की सक्रिय, सकारात्मक भूमिका का स्मरण दिलाता है। आइए वर्ल्ड पर्लियामेंट दिवस पर हम सभी जन-प्रतिनिधि अपने कर्त्तव्यों एवं जन-कल्याण के प्रति संकल्पित हों।÷ उल्लेखनीय है संयुक्त राष्ट्र का अंतर्राष्ट्रीय संसदीय दिवस प्रति वर्ष 30 जून को अंतरसंसदीय संघ (आईपीयू) द्वारा राष्ट्रीय योजनाओं और रणनीतियों में संसद के महत्व को रेखांकित करने के लिए मनाया जाता है। इसे वर्ष 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव से स्थापित किया गया था।

# घर में घुसकर चोरी करने वाले आरोपियों को सश्रम कारावास एवं जुर्माना

मंडला यशो:- न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जिला मंडला द्वारा आरोपी (1) गोविंद उर्फ सन्ना पिता बहोरी सिंह आयु 36 वर्ष निवासी डुंगरिया थाना परसवाड़ा (2) कन्हैया मरावी पिता बहोरी सिंह आयु 47 वर्ष निवासी चटनीटोला थाना परसवाड़ा (3) रामभरोस पिता शिवगिरी आयु 32 वर्ष निवासी भीकेवाड़ा थाना परसवाड़ा जिला बालाघाट को धारा 457, 380 सहपठित धारा 34 भादवि में 02-02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं कुल 6000/रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन की कहानी संक्षिप्त में इस प्रकार है कि फरियादी गुलाबसिंह उईके ने थाना ब हनी में उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि दिनांक 06.06.2016 की शाम करीब 04.00 बजे वे अपने परिवार के साथ अपनी बेटी को छोड़नेस्वयं की बुलेरो वाहन से घंसौर गये थे तथा बेटी को छोड़कर रात्रि करीब 09.00 बजे वापस घर आए तो देखा कि घर का दरवाजा टूटा हुआ और खुला हुआ था और कमरों में रखी सभी आलमारियां खुली हुई थी।

घर में रखे सभी जेवर नहीं मिले। आलमारी में रखे 50,000/ रूपये नगदी एवं सोने के जेवरात कंगन 60 ग्राम, हार 30 ग्राम, झुमकी 2 नग 10 ग्राम अंगूठी 5 नग, 25 ग्राम, मंगलसूत्र 1 नग 15 ग्राम, अंगूठी 4 नग 15 ग्राम, चैन 2 नग 25ग्राम हार 2 नग 30 ग्राम झुमकी लटकन 2 नग 12 ग्राम, हार 2 नग 60 ग्राम मंगलसूत्र 30 ग्राम, करधन 1 नग 70 ग्राम, चूंड़ी 8 नग 110 ग्राम फूल झुमके 6 नग 45 ग्राम बिंदिया 1 नग 12 ग्राम अंगूठी 5 नग 20 ग्राम चैन 2 तीन तोला, मंगलसूत्र छोटे 3 नग दो तोला उक्त जेवरात के अलावा चांदी के जेवर करीब पांच किलो एवं अन्य छोटे-मोटे जेवर नहीं थे कोई अज्ञात चोर दरवाजा तोड़कर एवं मकान का ताला एवं आलमारी का ताला तोड़कर नगदी एवं सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गया था। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर अपराध क्रमाक 220/16 धारा 457,380 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया। अभियुक्तगण के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियक्तगण के विरूद्ध अभियोग पत्र तैयार कर मान्नीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क से सहमत होते हुये मान्नीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जिला मंडला द्वारा आरोपीगण (1) गोविंद उर्फ सन्ना पिता बहोरी सिंह आयु 36 वर्ष निवासी डुंगरिया थाना परसवाड़ा (2) कन्हैया मरावी पिता बहोरी सिंह आयु 47 वर्ष निवासी चटनीटोला थाना परसवाड़ा (3) रामभरोस पिता शिवगिरी आयु 32 वर्ष निवासी भीकेवाड़ा थाना परसवाड़ा जिला बालाघाट को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह द्वारा की गई है।

# भाजपा का मेरा बूथ सबसे मजबूत, कार्यक्रम हुआ



सिवनी यशो:- शुक्रवार को शक्ति केंद्र डोरली छतरपुर में उत्तर प्रदेश से आए अल्पकालीन विस्तारक मनोज चड्ढा जी का आगमन हुआ जिसमें शक्ति केंद्र में आने वाले 9 बूथों की बैठक ली गई तथा आगामी समय में होने वाले कार्यक्रम के बारे में सभी कार्यकर्ताओं को विस्तार से बताया गया इसके साथ साथ स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा कुछ स्थानीय समस्याओं से मंडल अध्यक्ष एवं विस्तारक जी को भी अवगत कराया गया आज के इस बैठक में मंडल अध्यक्ष श्री राम जी चंद्रवंशी जी के साथ साथ अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश डहेरिया पी.वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्यगिरधारी पटेल सभी बूथों के अध्यक्ष श्री स्वरूपानंद सोनी , राकेश डेहरिया , गणेश रजक,श्री राजेश सनोडिया ,लक्ष्मण साहू, पलारी के सरपंच श्री राम गोपाल डेहरिया, एवं अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही

## शिवपुरी में हुए धमाके में पंचायत सचिव की पत्नी ने भी दम तोड़ा, अब तक दो लोगों की हो चुकी है मौत

शिवपुरी। शिवपुरी के फतेहपुर क्षेत्र में रहने वाले पंचायत सचिव राघवेंद्र लोधी के मकान में अचानक हुए ब्लास्ट के बाद इस घटना में मृतकों की सं या बढ़ती जा रही है। अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है।

बता दें कि बीते 21 जून को पंचायत सचिव राघवेंद्र लोधी के घर में अचानक ब्लास्ट हो गया था। बताया जाता है कि इनके घर के बाहर से गैस सप्लाई करने वाली कंपनी थिंक कंपनी की लाइन गुजर रही है। लोगों का कहना है कि इस गैस लाइन में ही अचानक विस्फोट हुआ और इससे राघवेंद्र के घर में विस्फोट हुआ और पूरा घर आग की चपेट में आ गया। गुरुवार रात को पंचायत सचिव की पत्नी रानी लोधी ने दिल्ली के अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इससे पहले पंचायत सचिव राघवेंद्र लोधी की भी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पंचायत सचिव के घर में हुए अचानक इस विस्फोट में पांच लोग घायल हुए थे। इस घटना के बाद पुलिस ने मामले की भी जांच भी शुरू की थी लेकिन फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि इस विस्फोट का वास्तविक कारण या है। हालांकि पीड़ित पक्ष की शिकायत पर सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने थिंक गैस के एरिया प्रबंधक पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

**पंचायत सचिव की बेटी की हालत भी नाजुक**

21 जून को फतेहपुर क्षेत्र में ब्लास्ट हुआ था। इस घटना में घायल हुए राघवेंद्र लोधी ने 28 जून को उपचार के दौरान दिल्ली के सफरदरगंज अस्पताल में दम तोड़ दिया था और अब उनकी पत्नी रानी लोधी ने भी बीति रात सफरदरगंज अस्पताल में दम तोड़ दिया है। वहीं बेटी काव्यांजलि लोधी का उपचार इसी अस्पताल में जारी है। बताया जा रहा है कि रानी लोधी के शरीर का दिल्ली में पोस्टमार्टम कराया गया है इसके बाद उनके पार्थिव देह को बदरवास जनपद के गृह ग्राम कुटवारा लाया जा रहा है। जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस हादसे में दो रोज पूर्व जान गंवा चुके थे वह पिरोठ पंचायत के सचिव थे।

**एरिया प्रबंधक पर दर्ज हुआ मामला**

शिवपुरी शहर के फतेहपुर क्षेत्र में हुई इस ब्लास्ट की घटना के बाद पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने थिंक गैस के एरिया प्रबंधक पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। यह घटना 21 जून की शाम को घटित हुई थी, लेकिन अभी तक इस घटना की वजह सामने नहीं आ सकी है। जबकि अब तक गेल इंडिया की एक जांच टीम सहित ग्वालियर से आई एफएसएल की टीम मौके का मुआयना कर चुकी है। इसके बावजूद हादसे का कारण अब तक नहीं बताया गया।

# सिवनी के गणेशचौक में मु त स्वास्थ परामर्थ केंद्र का हुआ शुभारंभ




सिवनी यशो:- बरघाट रोड के गणेश चौक सिवनी में मेडिट्रीना सोशल वेलफेयर फाउंडेशन और मेडिट्रीना इस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस रामदास पेठ नागपुर के सौजन्य से जगतगुरु स्वामी स्वरूपानंद जी महाराज के परमशिष्य स्वामी प्रज्ञानंद जी महाराज के करकमलों में आज मंगलवार को मु त स्वास्थ परामर्श केंद्र का उद्घाटन पूजन अर्चना के साथ ही शुभारंभ हुआ। इस शुभारंभ के अवसर पर सिवनी के सैकड़ों गणमान्य नागरिकों के साथ ही सोशल कार्यकर्ता व मेडिट्रीना इस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस रामदास पेठ नागपुर के स्वयं प्रबंधक न्यूरो सर्जन डॉ. समीर पालतेवार व उनकी टीम के प्रमुख डॉ अर्पण पांडे कार्पोरेट डायरे टर,समीर सर्वेश डोमने,सचिन तरारे सादाब खान व अन्य उपस्थित रहे। डॉ समीर पालतेवार ने इस्टीट्यूट के विषय मे जानकारी दी उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया की हमारा इस्टीट्यूट मु त परामर्श के साथ ही बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवा रहा है हमारा उद्देश्य छोटे शहरों में मरीजों को उपचार की सुविधा प्रदान कर आम लोगों पर बीमारी की वजह से पड़ने वाले शरीरिक ,भावनात्मक और आर्थिक बोझ को कम करना है स्वास्थ सुविधा से जुड़े विशेषज्ञ जिनमें कार्डियक साइंस, ऑन्कोलॉजी, आर्थोपीडि स, न्यूरोसाइंस, पल्मोनोलॉजी, गैस्ट्रोसाइंस, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, पीडिएट्रि स, गाइनेकोलॉजी, रेडियोलॉजी, इंटरनल मेडिसिन, क्रिटिकल केयर और इमरजेंसी मेडिसिन और डेंटिस्टरी की सेवा उपलब्ध कराएंगे।यदि आप के जानकारी में ऐसे लोग जो आर्थिक रूप से कमजोर है व बड़ी बीमारी से पीड़ित है उनके बेहतर इलाज के लिए यह वरदान सावित होगा ।डॉ अर्पण पांडे ने कहा कि सभी तरह के इमरजेंसी एवं ट्रॉमा केयर की सुविधा के साथ-साथ विभिन्न तरह के रोगों का इलाज यहाँ संभव होगा।संस्थान के शुभारंभ अवसर पर समाजसेवी संगठन के डॉ बलपान ठाकुर ,? प्रकाश ठाकुर,रीना श्रीवेल व अन्य का अतुलनीय योगदान रहा।

# छात्र छात्राओं ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकाली जागरूकता रैली




सिवनी यशो:- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार, उपजिला निर्वाचन अधिकारी, मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा जिला शिक्षा अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में शुक्रवार 30.06.2023 को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु महाविद्यालयों में नवीन युवा मतदाताओं को वोटर पोर्टल के माध्यम से ईपीक कार्ड बनवाने, मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने एवं जिन मतदाताओं के मतदाता सूची में नाम दर्ज हो चुके हैं तथा कै पस ए बेसेडर को अपने कार्य के प्रति जागरूक रहने, अधिक अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करने हेतु शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी, सीएम राईज स्कूल केवलारी, शास. उ.मा.वि. पाण्डियाछपारा, शास. उ. मा. वि. आष्टा एवं शास. हाईस्कूल सकरी में छात्र/छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर जन-जागृति का संदेश दिया गया ।

# 65 साल के नासिर मोह मद को 170 साल की सजा



भोपाल। सागर के जिला न्यायालय ने धोखाधड़ी करने वाले नासिर मोह मद को 170 साल की सजा सुनाई है । जानकारी के अनुसार सागर निवासी नासिर मोह मद उर्फ नासिर राजपूत लोगो को ठगने का काम करता रहा है और उसने लभगभ दो दर्जन व्यक्तियों को ठगर लाखो रूपये का चूना लगाया है । नासिर राजपूत (65) को सागर जिला न्यायालय ने दोषी करार देते हुए 170 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अपर-सत्र न्यायधीश अब्दुल्लाह अहमद की अदालत ने दोषी को धारा-420 के तहत 34 व्यक्तियों के साथ धोखाधड़ी करने पर प्रत्येक मामले में पांच-पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दस हजार रुपये के अर्थदंड सहित कुल 3 लाख 40 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

मामले की पैरवी अपर लोक अभियोजक रामबाबू रावत ने की है। उन्होंने बताया, न्यायालय ने फैसले में ये उल्लेख किया कि सजा क्रमवर्ती रूप में एक के बाद एक होगी। यानि एक सजा पूरी होने के बाद दूसरे मामले की सजा शुरू हो जाएगी। बुजुर्ग ने कुल 72 लाख रुपये की ठगी की है। उन्होंने बताया कि अगस्त 2020 में कैंट के भैंसा गांव के करीब तीन दर्जन लोगों ने शिकायत की थी। शिकायत के मुताबिक, सभी के साथ गारमेंट्स फै टरी शुरू करने के नाम पर ठगी की गई थी।

ठगी का शिकार हुए लोगों का आरोप था कि भैसा गांव में गुजरात के तापी का रहने वाला 65 साल का नासिर मोह मद रहने आया था। उसने लोगो से मेलजोल बढाया और सभी बताता था कि उसने गुजरात में अपना एक बंगला 85 लाख रुपये का बेचा है जिसकी राशि आना बाकी है, राशि प्राप्त होते ही गांव में वह गारमेंट्स की एक फै ट्री लगाने वाला है उसका कहना था कि उसकी राशि राशि आरबीआई ने टै सेशन के नाम पर रोक दी है। लोगों ने उस पर भरोसा कर राशि तो लगा दी परंतु फै ट्री खुलते न देख लोगो ने उसके ऊपर केस कर दिया उसने फै ट्री से होने वाले फायदे बताकर लोगो को हिस्सेदार बनाने का लालच देता और उन्हें अपने जाल में फंसा लेता था । वह ग्रामीणों को बताता था उसके लड़के वियतनाम और दुबई में है जो उसका माल विदेशों में बिकवायेंगे उसके झांसे में आकर लोगों ने उसे लाखों रूपये की राशि दे दी परंतु जब उससे एक व्यक्ति ने रकम वापिस मांगी तो वह भाग खड़ा हुआ और लोगो को शक तो अन्य लोगो ने भी राशि की मांग की परेशान होकर एक दिन नासिर मोह मद अपने परिवार सहित रातों रात भाग खड़ा हुआ उसके लोगो ने उस पर केश किया और जिला न्यायालय ने उसे सजा सुनायी ।

# पीपरताल जलाशय बहा रहा दुर्दशा के आंसू, सैकड़ों हे टयर भूमि पर होती है सिंचाई





सिवनी यशो:- जिले के केवलारी विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर में स्थित पीपरताल जलाशय जो एक बड़ी रकबे को सिचिंत कर किसान के जीवन को खुशहाल बनाने का कार्य करते आ रहा है वहीं आज दुर्दशा के आंसू बहा रहा है। इतना ही नहीं उक्त जलाशय का जीर्णोद्धार कार्य तो कराया जा रहा है लेकिन उसमें गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है।

उल्लेखनीय होगा कि केवलारी विधानसभा के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित यह जलाशय बरघाट के तत्कालीन विधायक डॉ. ढालसिंह बिसेन के द्वारा अपने कार्यकाल में स्वीकृत कराकर पीपरताल जलाशय का निर्माण कार्य कराया गया था इस जलाशय का निर्माण कार्य जेवनारा ग्राम पंचायत की सीमा पर बेलगांव और पिपरिया के बीच कराया गया है। इस जलाशय से सैकड़ें हे टयर भूमि में सिंचाई की जाती है।

बताया गया कि जिले के केवलारी विधानसभा में आने वाले उगली क्षेत्र में स्थित पीपरताल जलाशय से आसपास के क्षेत्र के बड़े रकबे में सिंचाई हेतु पानी किसानों को नहरों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है और यह जलाशय जिले के बड़े जलाशयों में शुमार है। लंबे समय से मर मत और रख-रखाव के आभाव के चलते जलाशय व उससे पानी देने के लिए बनाये गये नहर के गेट सहित नहरों की हालत जीर्णशीर्ण हो चुकी है। जलाशय के मर मतीकरण के लिए विभाग के द्वारा 19 लाख 44 हजार की बड़ी राशी स्वीकृत की गई है जिससे वर्तमान समय में उक्त जलाशय के जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

पीपरताल जलाशय में जलसंसाधन विभाग द्वारा कराये जा रहे मर मतीकरण कार्य का ठेका देकर विभाग के तकनीकी अधिकारियों की देख-रेख में कार्य कराया जा रहा है लेकिन कार्य की गुणवत्ता को लेकर लगातार क्षेत्रीयजनों द्वारा सवाल उठाये जा रहे है। इतना नहीं मौके पर हो रहे कार्यों की तस्वीर भी गुणवत्ता को लेकर अनेक सवाल खड़े कर रही है।

क्षेत्र में व्याप्त चर्चाओं की माने तो जलाशय के सुदृढ़ीकरण के लिए जिस मिट्टी और मुरम का उपयोग किया जा रहा है वह क्षेत्र के किसानों के खेतों से खुदाई करके लाई जा रही है इसके लिए संबंधित ठेकेदार के द्वारा न ही खनिज विभाग से कोई रायल्टी ली गई है और न ही संबंधित विभागों से किसी तरह की अनुमति। इतना नही ठेकेदार द्वारा जलाशय का सुदृढ़ीकरण कार्य तकनीकी बिंदुओं के ध्यान में रखे बिना ही गुणवत्ता विहीन कराया जा रहा है।

**इनका कहना है-**

यहां कार्य वाल निर्माण का किया जा रहा है और किसानों के खेत से मिट्टी लाई जा रही है। टेंडर नहीं हुआ है भीमगढ़ कालोनी के ठेकेदार से कार्य करवाया जा रहा है।

**शंकर लाल सतनामी**
**एसडीओ, जलसंसाधन विभाग।**

## घर में लगी आग बुझाने में कृषि विभाग के इंजीनियर की झुलसकर मौत



भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 28 जून की रात दिल दहला देने वाला हादसा हो गया. कृषि विभाग के इंजीनियर के घर आग लग गई. परिवार को बचाने और आग बुझाने गए इंजीनियर घर में ही जिंदा जल गए. जिस वक्त आग लगी उस वक्त घर में इंजीनियर की पत्नी और बेटा मौजूद थे. उन्होंने दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया था. जब आग बुझी तो इंजीनियर का शव घर की सीढ़ियों पर मिला. घटना राजधानी भोपाल के बाग मुगलिया इलाके की है. जब आग बुझी

जानकारी के मुताबिक, कृषि संचरणालय में इंजीनियर के पद पर पदस्थ 55 वर्षीय अनिल पोरवाल बाग मुगलिया इलाके में रहते थे. 28 जून की रात खाना खाने के बाद वह अपने पालतू डॉगी को घुमाने घर से बाहर निकले. इस दौरान उन्हें अपने घर के फर्स्ट लोर पर आग की लपटें उठती दिखाई दीं. ये देख उनके होश उड़ गए. वे आनन-फानन में घर में घुसे. उस वक्त उनकी पत्नी और बेटा घर में ही थे. पोरवाल ने सबसे पहले उन्हें घर से बाहर निकाला. इस दौरान उन्हें याद आया की फर्स्ट लोर पर उनका कुछ जरूरी और कीमती सामान रखा हुआ है. उसे लेने वह एक बार फिर घर में दाखिल हो गए.

**आग की लपटों से घिर गए इंजीनियर**

बताया जाता है कि, जिस वक्त वे घर के फर्स्ट लोर पर गए, उसी वक्त आग की लपटें और तेज हो गईं. इसके बाद वे लपटों से घिर गए और घर से बाहर नहीं निकल सके. इस बीच पड़ोसियों व अन्य लोगों ने उन्हें आग से निकालने की कोशिश की, लेकिन कोई उसमें सफल नहीं हो सका. दूसरी ओर, लोगों की सूचना पर फायर ब्रिगेड मौके पर पुहंची. उसे आग बुझाने में थोड़ा समय लगा. जब आग बुझी तब इंजीनियर का शव सीढ़ियों पर पड़ा हुआ मिला.

**लपटों ने ले लिया था भीषण रूप- पड़ोसी**

लोगों ने बताया कि पहले तो आग लगने की पता नहीं चला, लेकिन, धीरे-धीरे आग की लपटों ने भीषण रुप धारण कर लिया था. लोगों ने अनिल को मना भी किया कि आग लगे घर में अंदर न जाए, लेकिन वह माना नहीं. उसने कहा कि उसका ऊपरी कमरे में रखा सामान बहुत जरूरी है. हो सकता है, वह सामान ऑफिस से संबंधित हो. इसलिए अनिज अंदर गए, लेकिन बाहर नहीं निकल सके. लोगों ने बताया कि उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन अनिल को बचाया नहीं जा सका.



# लगातार बारिश से बढ़ा नर्मदा जी का जल स्तर

मंडला यशोः- लगातार बारिश का दौर जारी है लगातार बारिश का असर नर्मदा सहित अन्य नदियों के जल स्तर पर देखा जा रहा है वहीं लगातार बारिश से जिले में कई स्थानों में निर्माणाधीन सड़क, पुल के साथ ही लाखों रूपये के अमृत सरोवर बहने के समाचार भी सामने आ रहे हैं। जो ठेकेदारों और संबंधित विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत का नतीजा बताए जा रहे हैं।

ग्राम पंचायत मोहगांव रैयत में हाल ही में बनी 9 लाख 58 हजार की पुलिया बह गई। हर बार की तरह अब अधिकारी लीपापोती में जुट जाएंगे महज हल्की बरसात में ही दरक गयी और मिट्टी का कटान भी शुरू हो गया। जानकारी अनुसार मोहगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत मोहगांव रैयत के इंद्रा रैयत भड़का टोला जाने वाले रास्ते में ये पुलिया निर्माण कराया गया था। इस रास्ते में बारिश के दिनों में पुलिया नहीं होने से चलने में तखलीफ होती थी। ग्रामीणों की सालों की मांग पर लगभग 9 लाख 55 हजार की लागत से पुलिया निर्माण कराया गया लेकिन पुलिया भी भ्रष्ठाचार की भेंट चढ़ गई मानकों की अनदेखी कर निर्माण हुआ और अब इसका खामियाजा किसानों और आमजनों को भुगतना पड़ेगा।

# कले टर ने ली केंद्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक

मंडला यशोः- शुक्रवार को के द्रीय विद्यालय में जिला कले टर एवं विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष डॉ. सलोनी सिडाना ने इस सत्र की प्रथम बैठक ली। विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में कले टर ने अंशकालीन शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया की जानकारी ली और रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती करने के निर्देश दिए। उन्होंने कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं के विषय एवं विद्यालय में मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता के लिए ऑनलाइन सेवाएं लेने और बॉस्केटबॉल ग्राउंड बनाने संबंधी चर्चा की एवं ज़रूरी निर्देश दिए। बैठक में केन्द्रीय विद्यालय प्राचार्य उपेन्द्र कुमार, ईईपीआईयू जेपी पटले सहित संबंधित उपस्थित थे। कले टर ने विद्यालय की नई बाउंड्रीवॉल निर्माण के संबंध में जानकारी लेते हुए कार्य को समय-




सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय के कक्षा 10वीं और 12वीं के बोर्ड के परीक्षा परिणाम की जानकारी लेते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे- नीट और जेईई में विद्यालय के छात्रों के चयन के संबंध में भी जानकारी ली। कले टर ने कक्षा बारहवीं के पश्चात प्रतियोगी परीक्षा में छात्रों की चयन सं या में वृद्धि हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस संबंध में उन्होंने कक्षा 12वीं में फिजि स, केमिस्ट्री, मेथ्स और बायोलॉजी के शिक्षकों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के छात्रों का पाठ्यक्रम अ टूबर 2023 तक समाप्त करें, ताकि छात्रों को पुनरावृति और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु अतिरिक्त समय मिल सके। पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षा से संबंधित किताबें और मॉकटेस्ट पेपर पर्याप्त मात्रा में रखें और विद्यालय के प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित भूतपूर्व छात्रों से परामर्श और मार्गदर्शन लेने हेतु एक सेशन रखने का सुझाव दिया। बैठक में उन्होंने अभिभावकों और अन्य सदस्यों से भी विद्यालय प्रबंधन समिति की बेहतरी के लिए सुझाव मांगे।

### केन्द्रीय विद्यालय की कक्षों का निरीक्षण

कले टर ने इस दौरान केन्द्रीय विद्यालय के फिजि स लैब, केमिस्ट्री लैब, बायोलॉजी लैब, अटल लैब, संगीत कक्ष, पीटी कक्ष एवं लायब्रेरी का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि लायब्रेरी में पुस्तकों को विषयवार रखें। कले टर ने अटल लैब के निरीक्षण के दौरान थ्रीडी प्रिंटर की विस्तृत जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए।

## ई-कोर्ट एप्लीकेशन एवं पोर्टल का प्रशिक्षण प्रत्येक सोमवार को

मंडला यशोः-कले टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार तथा उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देशानुसार जिले के विभागीय अधिकारियों को ई-कोर्ट एप्लीकेशन एवं पोर्टल पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए ई-दक्ष केन्द्र के वरिष्ठ प्रशिक्षण को ई-कोर्ट एप्लीकेशन एवं पोर्टल का प्रशिक्षण प्रदाय कर मास्टर ट्रेनर बनाया गया है।

अर्ध दिवसीय प्रशिक्षण सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को ई-दक्ष केन्द्र, बीआरसी भवन में प्रदाय किया जाएगा। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को क प्यूटर ऑपरेटर के साथ निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसार ई-दक्ष केन्द्र में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

# ग्रीष्मकालीन समर कैंप का समापन, बच्चों की शिक्षा में सुधार में सहयोगी बने गाँव के स्वयंसेवक

छिन्दवाड़ा यशोः - प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से मध्यप्रदेश के समस्त जिलों में समर कैंप का संचालन किया जा रहा था जोकी मई से जून तक चला द्य इस कैंप में गाँव के स्वयंसेवक को बच्चों की पढ़ाई की आदत में सुधार, बुनियादी पढ़ाई एवं सं याज्ञान के साथ -साथ व्यावहारिक एवं नैतिक शिक्षा के विषय में सुधार को लेकर कार्य किया गया द्य इस कार्य में जिला के शिक्षा अधिकारीयों का विशेष सहयोग रहा द्य जिला परियोजना अधिकारी के मार्गदर्शन से जिला के समस्त विकासखंड में समर कैंप का आयोजन किया गया । विकासखंड स्रोत समन्वयक एवं जन शिक्षक की से सहयोग से अपने-अपने क्षेत्र के सभी ग्राम में समर कैंप हेतु स्वयंसेवकों को चिन्हित कर कक्षा 6वीं, 5वीं एवं 4थीं के ऐसे बच्चों के साथ सुधारात्मक कार्य किया गया जिनको



पढ़ने में कठिनाई हो रही थी द्य प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधि प्रान्जुल तिवारी एवं पल्लवी दावंडे द्वारा जिला के समस्त जनपद शिक्षा केंद्र में समस्त जन शिक्षक को समर कैंप संचालन का प्रशिक्षण दिया गया था द्य समर कैंप के 6 सप्ताह की गतिविधियाँ से बच्चों में पढ़ने को लेकर काफी उत्साह देखा गया । समर कैंप 2023 के इस अभियान को जिला के लगभग समस्त गाँव में संचालन करने का लक्ष्य रखा गया था जो काफी हद तक पूर्ण हुआ, जिला के अधिकतर गाँव में समर कैंप संचालित किया गया द्य समर कैंप प्रथम जोनल प्रभारी श्याम कुमार कोलारे ने बताया कि समर कैंप संचालन के लिए जिला से करीब 4500 स्वयंसेवकों ने अपनी रूचि दिखाई एवं कैंप संचालन के लिए पंजीकरण किया । इन सभी स्वयंसेवकों के सहयोग से करीब 4200 कैंप का संचालन किया गया जिसमे जिला के लगभग 45,400 बच्चों ने भाग लिया द्य स्वयंसेवको के सहयोग से बच्चो में बुनियादी पढ़ने, समझने और अभिव्ययक्ति सुधार के लिए कार्य किया किया गया जिससे बच्चों में उनकी पिछली दक्षताओं में काफी सुधार देखा गया, जिला के लगभग हर गाँव से स्वयंसेवकों ने इस अभियान में जुड़कर बच्चों की शिक्षा सुधार में योगदान दिया द्य इस अभियान को सफल बनाने में विशेष रूप से जे. के. इडपाचे जिला परियोजना अधिकारी, गोपाल सिंह बघेल जिला शिक्षा अधिकारी, महेश कुमार पांडवा प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, समस्त विकासखंड स्रोत समन्वयक तथा समस्त जन शिक्षकों एवं शिक्षकों का सहयोग रहा ।

## 3000 के इनामी आरोपी को मंडला पुलिस ने जबलपुर से पकड़ा'

मंडला यशोः- पुलिस थाना कोतवाली में पीड़िता ने रिपोर्ट की थी जबलपुर निवासी आरोपी उसका छेड़छाड़ करने की बुरी नियत से पीछा कर परेशान करता है। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 124/23 धारा 354क आईपीसी कायम किया जाकर आरोपी की तलाश की जा रही थी। आरोपी पुलिस से बचने के लिए अपने ठिकाने बार-बार बदल रहा था। पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा आरोपी के संबंध में सूचना देकर आरोपी को पकड़वाने पर 3000 का इनाम घोषित किया गया था, मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी को जबलपुर से दस्तयाब कर अभिरक्षा में लेकर विधिवत कार्यवाही की गई है उक्त आरोपी को पकड़वाने की कार्यवाही में एसडीओपी मंडला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली जसवंत सिंह राजपूत, खुशबू, प्रधान आरक्षक अभिषेक मिश्रा, आरक्षक सुंदर भलावी साइबर सेल से सुरेश भटेरे सूर्य चंद्र बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।शैक्षणिक संस्थानों स्कूल कॉलेज कोचिंग सेंटर के आसपास पुलिस के द्वारा पेट्रोलिंग की जा रही है ऐसे असामाजिक तत्व जो स्कूल कॉलेज या कोचिंग संस्थानों के आसपास अनावश्यक रूप से घूमते पाए जाएंगे तो उनके विरुद्ध स त कार्यवाही की जावेगी

## मोहगांव में आशा प्रोत्साहन राशि गबन के मामले में 2 पर एफआईआर दर्ज

मंडला यशोः- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहगाँव में आशा प्रोत्साहन राशि के गबन के मामले में 2 आरोपियों के विरुद्ध पुलिस थाना मोहगाँव में विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार अनामिका दुबे एवं रानू कु हरे के द्वारा अपने परिचित की फर्जी आशा कार्यकर्ता आईडी बनाकर 2019 से उनके खातों में शासकीय राशि ट्राँसफर की गई। मोहगांव पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

## जिले की औसत वर्षा की जानकारी

मंडला यशोः- जिले में इस वर्ष 1 जून से 30 जून के दौरान 287.3 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि इसी अवधि तक गत वर्ष 142.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष 145.1 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 जून को मंडला में 13.2 मि.मी., नैनपुर में 4.2 मि.मी., बिछिया में 1 मि.मी., निवास में 15.4 मि.मी., घुघरी में 33.1 मि.मी. एवं नारायणगंज में 21.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस प्रकार जिले में 30 जून को 14.7 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फगनसिंह कुलस्ते का दौरा कार्यक्रम

मंडला यशोः- केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फगनसिंह कुलस्ते के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे 1 जुलाई 2023 को प्रातः 8 बजे जेवरा से शहडोल के लिए रवाना होंगे। श्री कुलस्ते दोपहर 12 बजे शहडोल पहुंचकर वीरांगना रानी दुर्गावती गौरव यात्रा के समापन समारोह एवं सिकल सेल एनीमिया नेशनल पोर्टल लाँच कार्यक्रम में समिलित होंगे। श्री कुलस्ते रात्रि 8 बजे शहडोल से जेवरा के लिए प्रस्थान करेंगे एवं रात्रि 11:55 बजे जेवरा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। श्री कुलस्ते 2 जुलाई 2023 को जेवरा में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात दोपहर 1 बजे जेवरा से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### 1 से 5 तक की कक्षाएं 1 जुलाई से प्रारंभ होंगी

मंडला यशोः-कक्षा 1 से 5 तक की कक्षाएं 1 जुलाई से प्रारंभ होंगी। कले टर द्वारा इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार कक्षा 1 से 5वी तक की समस्त कक्षायें 1 जुलाई 2023 से नियमित समय सारिणी के अनुसार संचालित होंगी।

# नगर में व्याप्त समस्याओं की सुध नहीं ले रहा कोई आमजन त्रस्त

## बारिश ने नगर के विकास की खोली पोल, सडक पर बन गये तालाब

मण्डला यशोः- नगरवासियों को विकास के नाम पर जो विष का सेवन कराया गया है उससे यहां के लोगों की जिंदगी दम तोड़ती नजर आ रही है लोगों का र से निकलना दुश्वार हो चुका है डर ऐसा समाया है कि वाहन चलाते समय हनुमान चालीसा याद आता है। लोग मन ही मन ईश्वर से यह निवेदन करते हैं कि है संकट मोचन हमारे संकटों को आप दूर करें बन गया है। घरों के सामने गलियों और मु य मार्ग में सड़क धंस रही है तालाबनुमा गड्ढे हो गये हैं कहीं चे बर सड़क से ऊपर नजर आ रहा है तो कहीं पूरी की पूरी सीवरेज लाईन नालियों में तब्दील होकर रह गई है। यह नजारा नगर एवं उपनगर तथा समीप की पंचायतों में दिखाई दे रहा है।

***समस्या जि मेदार कौन***

पूरे नगर में विकास के नाम पर जो घटिया कार्य किया गया उसके लिए` या निर्माण एजेंसी जि मेदार है या फिर वे जि मेदार है जिन पर अच्छा कार्य कराने की जि मेदारी थी। बात की जाये कि इस समस्या के लिये सबसे पहले जि मेदार कौन



तो जि मेदार वे हैं जो इस कार्य को विकास के लिये मील का पत्थर बता रहे थे और इसे अपनी उपलब्धि में शुमार करते नजर आये लेकिन अब वे कहा छुप गये हैं। जिस तरह से नगर की सड़कों को नष्ट किया और फिर उसकी मर मत के नाम पर वहीं से निकाली गई मिट्टी को पूरकर आगे बढ़ते गये दिखावे के नाम पर कही कही पर गिट्टी डाल दी गई और यदि निर्माण स्थल के आसपास पदाधिकारी किसी प्रशासनिक अधिकारी को मकान हुआ या फिर कोई पहुंच वाले व्यक्ति का मकान तो वहां पर डामलीकरण करा दिया गया लेकिन बिना मजबूत आधार के किये गये इन कार्यों की कलई पहली ही बरसात ने खोलकर रख दी। जिसकी आशंका काफी समय पहले से जाहिर की जा रही थी।

नगर के लोगों ने संगठनों के लोगों को खुली चुनौति दी है जो अपने स्वार्थ के लिये महीनों काम बंद कर हडताल प्रदर्शन करते रहे है।` या वे जनता की इन समस्याओं के लिये भी सड़क पर उतरने का साहस दिखा सकेंगे। मानव अधिकार के नाम पर या सदस्य इस समस्या के निराकरण के लिये` या आगे आकर काम करेंगे और दोषियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की प्रक्रिया पूर्ण करायेंगे या फिर पोस्टर लगवाकर और प पलेट बांटकर ही घरों में चुपचाप बैठें रहेंगे। अब तो लोग खुले रूप से को चुनौति दे रहे हैं कि कब प्रशासन का नगर की गलियों का निरीक्षण आप नगर करेंगे और नगर की दुर्दशा करने वालों पर कानूनी कार्यवाही करेंगे या फिर उस वक्त का इंतजार कर रहे हैं। जब कोई बड़ा हादसा हो और जन आक्रोश खुलकर सामने आये यदि ऐसा होता है तो प्रभावित परिवार के नुकसान का जि मेदार कौन होगा।

## नपा के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

मंडला यशोः- नगर पालिका परिषद मंडला क्षेत्र का अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व ) मंडला एवं मु य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद मंडला द्वारा सरदार पटैल वार्ड, बिंझिया एवं लालीपुर से सटे वार्डों का संयुक्त दौरा किया गया। जिसमें नगर के वार्डों में आवागमन के अवरूद्ध मार्ग को चालू कराने व जिन जगहों पर पानी भर रहा है पानी निकासी की सुचारू व्यवस्था किए जाने, सीवरेज लाईन के किए गए गड्डों को भरने व कचरा अड्डों से कचरा को त्वारित उठाने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व ) मण्डला द्वारा मु य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद मंडला को दिए गए। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मंड?ला एवं मु य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद मंडला, उपयंत्री व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अब रोजगार सहायकों को बगैर जांच नहीं किया जाएगा बर्खास्त

मंडला यशोः- अब रोजगार सहायकों का मानदेय 9 हजार से बढ़ाकर दोगुना अर्थात 18 हजार रूपये कर दिया गया है। यही नहीं पहले रोजगार सहायकों की कोई शिकायत सामने आने पर उच्चाधिकारियों द्वारा बगैर जांच कराए ही उन्हें सीधे बर्खास्त करने का आदेश सुना दिया जाता था लेकिन अब मप्र सरकार ने अपने आदेश में कहा है कि रोजगार सहायकों को सीधे बर्खास्त नहीं किया जा सकेगा, शिकायत पर जांच होगी, जांच में आरोप सही पाए जाने पर ही कार्यवाही की जाएगी। गौरतलब है कि बीजेपी सरकार चुनावी साल को देखते हुए कर्मचारियों को खुश करने में लगी हुई है। मु यमंत्री ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि रोजगार सहायकों के लिए अवकाश, मातृत्व अवकाश और स्वैच्छिक अवकाश के प्रावधान भी किए जाएंगे। 15 दिनों का पितृत्व अवकाश भी दिया जाएगा। रोजगार सहायकों के लिए सीएम शिवराज ने पंचायत सचिवों की नियुक्ति में 50 प्रतिशत आरक्षण और भविष्य की नियुक्तियां और स्थानांतरण पंचायत सचिव के अनुरूप होंगे।

## मंत्रालय के पटेल पार्क में 3 जुलाई को राष्ट-गीत एवं राष्ट्र-गान का गायन

भोपाल यशोः- मंत्रालय के वल्लभ भाई पटेल पार्क में 3 जुलाई को सुबह 11 बजे राष्ट-गीत ÷वन्दे-मातरम÷ एवं राष्ट्र-गान ÷जन गण मन÷ का गायन किया जाएगा। एक एवं 2 जुलाई को शासकीय अवकाश होने से राष्ट-गीत एवं राष्ट-गान का गायन 3 जुलाई को होगा। वर्षा होने की स्थिति में मंत्रालय क्रमांक-1 के कक्ष क्रंमाक 506 में गायन होगा। उल्लेखनीय है कि मंत्रालय में प्रत्येक माह के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट-गीत एवं राष्ट-गान का गायन किया जाता है।

# बरसात के दौरान बिजली के खंबों से रहे सावधान

मंडला यशोः- बारिश का समय शुरू हो गया है, बारिश के समय अ सर करंट लगने से दुर्घटनाओं की संभावना ज्यादा बढ़ जाती है लेकिन कुछ जरूरी सावधानी रखने से इन संभावनाओं को कम किया जा सकता है या फिर टाला भी जा सकता है। लगातार बारिश से कच्चे तो कच्चे पक्के मकानों में भी शीतांश आ जाती है और यही कई बार करंट फैलने का कारण बन जाती है इसके अलावा ज्यादातर घटनाएं हाईटेंशन लाईन के खंबों को सपोर्ट देने के लिए जो केबिल लगाई जाती है, उसमें भी करंट आ जाता है। हाल ही मोहगांव अंतर्गत एक किसान की इसी तरह की तार के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता शरद बिसेन ने बरसाती सीजन में करंट से होने वाली जन हानि को रोकने के लिए कुछ जरूरी उपाय साथ साझा किए। श्री बिसेन ने बताया कि बरसात में खंभों पर लगे स्टे वायर को अनावश्यक रूप से नहीं छूना चाहिए, वर्षाकाल में इसमें करंट आने की संभावना बढ़ जाती है। बारिश के मौसम में बिजली की लाइनों से दूर रहना ही उचित है, पशु पालक अपने जानवरों को खुला नहीं छोड़े, कई बार पशु पालक अपने जानवरों को बिजली के खंबों के पास या फिर बिजली के खंबों में ही बांध देते हैं, जो इन पशुओं के लिए खतरनाक साबित हो सकता है, उन्हें खंभों से नहीं बांधे पशु पालक एवं और अपने मवेशियों को भी बिजली के खंभों व ट्रांसफार्मरों से दूर रखें। श्री बिसेन ने बताया कि विद्युत तंत्र के आसपास नंगे पैर नहीं घूमना चाहिए` योंकि अर्थिंग मिलने से करंट का तेज झटका लग सकता है, श्री बिसेन ने बताया कि कई बार देखा गया है कि लोग घर के आसपास लगे बिजली के खंबों में तार बांधकर उसमें गीले कपड़े सुखाते हैं। ऐसा करना गलत है, बिजली के खंभों व तारों के आसपास कपड़े नहीं सुखाना चाहिए। श्री बिसेन ने यह भी बताया कि अ सर देखा जाता है कि बिजली के खंभों में विज्ञापन बोर्ड, टीवी केबल, प पलेट आदि लगा दिए जाते हैं, इन्हें लगाने के लिए कई बार खंबों में चढ़कर हाईटेंशन लाईन के काफी करीब पहुंचकर विज्ञापन बोर्ड लगा दिए जाते हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों में विज्ञापन का प्रचार-प्रसार हो लेकिन ऐसा करना बिजली विभाग के नियमों के विरूद्ध भी है और ऐसा करना अपनी जान जोखिम में डालने जैसा भी हो सकता है। इसी तरह श्री बिसेन यह भी बताया कि घर के सामने से गुजर रहे तारों पर प्लास्टिक पाइप नहीं चढ़ाना चाहिए` योंकि लगातार बारिश से इनमें पानी भरने से करंट का खतरा बन जाता है, पार्क या घर के बाहर बच्चों को विद्युत तंत्र के आसपास नहीं खेलने देना चाहिए, ट्रांसफार्मरों के नीचे कचरा नहीं फेंके` योंकि कई बार कचरे में अपना भोजन तलाशते हुए जानवर ट्रांसफार्मरों के काफी करीब पहुंच जाते हैं। इसी तरह छत या आसपास से गुजरती हुई बिजली की लाइन से छेड़छाड़ बिल्कुल न करें बल्कि उचित दूरी बनाकर रखना चाहिए।

## रोजगार मेले में 113 का प्रारंभिक चयन

मंडला यशोः- नगरपालिका मण्डला के टाउनहॉल में आयोजित रोजगार मेले में कुल 223 युवाओं ने ऑनलाइन एवं ऑफ्लाइन पंजीयन कराया। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि मेले में कुल 3 निजी क्षेत्र की क पनियों द्वारा 113 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। साथ ही उपस्थित आवेदकों को मु यमंत्री सीखो-कमाओ योजना की जानकारी देते हुए पोर्टल में पंजीयन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा, नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297